# बैठक कार्यवृत्त

दिनांक 05 जुलाई 2022 को सभागार ''कार्यक्रम निदेशालय '' राज्य समेकित सहकारी विकास परियोजना देहरादून में डॉ0 बी0वी0आर0सी0 पुरूषोत्तम सचिव सहकारिता की अध्यक्षता में आहुत राज्य स्तरीय नियोजन समिति (एस0एल0पी0सी0) की बैठक में उपस्थिति का विवरण निम्न प्रकार से है–

1. डॉ वी0बी0आर0 पुरूषोत्तम सचिव सहकारिता/मुख्य कार्यक्रम निदेशक, राज्य समेकित सहकारी विकास परियोजना।
2. श्री आलोक कुमार पाण्डेय , निबन्धक सहकारी समितियां उत्तराखण्ड।
3. श्री के0सी0 पाठक अपर कृषि निदेशक, कृषि विभाग उत्तराखण्ड।
4. श्री बी0एल0 फिरयाल निदेशक, डेरी विभाग उत्तराखण्ड।
5. श्रीमती दीपा श्रीवास्तव क्षेत्रीय निदेशक, एन0सी0डी0सी0।
6. श्री अमित कुमार निगम उप–निदेशक, NCDC Dehradun।
7. श्री नृपेन्द्र चौहान निदेशक, सेन्टर फॉर एरोमेटिक प्लान्ट्स।
8. डॉ0 अशोक कुमार, उप परियोजना निदेशक भेड़–बकरी क्षेत्रक, उत्तराखण्ड।
9. श्री संजय सक्सेना, उप परियोजना निदेशक भेड़–बकरी क्षेत्रक, उत्तराखण्ड।
10. श्री आनन्द ए0डी0 शुक्ल परियोजना निदेशक, राज्य समेकित सहकारी विकासा परियोजना।
11. डॉ0 जयदीप अरोड़ा परियोजना निदेशक, डेरी क्षेत्रक राज्य समेकित सहकारी विकास परियोजना।
12. श्रीमती अल्पना हल्दिया, उप निदेशक मत्स्य क्षेत्रक राज्य समेकित सहकारी विकास परियोजना।
13. श्रीमती मोनिका चुनेरा उप–परियोजना निदेशक, राज्य समेकित सहकारी विकास परियोजना।
14. श्री मनोज रावत कार्यक्रम प्रबन्धक, राज्य समेकित सहकारी विकास परियोजना।

बैठक में सचिव सहकारिता/मुख्य कार्यक्रम निदेशक द्वारा राज्य स्तरीय नियोजना समिति के सदस्यों को अवगत कराया गया कि राष्ट्रीय सहकारी विकास निगम द्वारा अंकन 10000.00 लाख रू0 की ऋण परियोजनान्तर्गत प्राप्त हुई है जिसका क्षेत्रकवार विवरण निम्नवत् है–

(धनराशि लाख रू0 में)

| क्र0 | क्षेत्रक का नाम | राष्ट्रीय सहकारी विकास निगम द्वारा मूल आवंटन धनराशि | कार्यक्रम निदेशालय द्वारा प्रथम/स्थान्नातरित आवंटन/अवमुक्त धनराशि | जून 2022 में कार्यक्रम निदेशालय द्वारा द्वितीय पुनरीक्षित आवंटन/अवमुक्त धनराशि |
|---|---|---|---|---|
| 1 | सहकारिता क्षेत्रक | 1700.00 | 3300.00 | 3300.00 |
| 2 | डेरी क्षेत्रक | 1300.00 | 2200.00 | 2200.00 |
| 3 | भेड़–बकरी क्षेत्रक | 4000.00 | 3000.00 | 2994.00 |
| 4 | मत्स्य क्षेत्रक | 3000.00 | 1500.00 | 1076.00 |
| | योग | 10000.00 | 10000.00 | 9570.00 |

साथ ही राज्य स्तरीय नियोजन समिति के सदस्यों के समक्ष परियोजनान्तर्गत प्राप्त धनराशि के सापेक्ष उपयोग की गयी धनराशि एवं वर्ष 2022–23 हेतु प्रस्तावित धनराशि के सम्बन्ध में क्षेत्रवार परियोजना निदेशकों द्वारा अपने–अपने क्षेत्रकों से सम्बन्धित किये जा रहे कार्यों का प्रस्तुतीकरण किया गया। सर्वप्रथम परियोजना निदेशक सहकारिता विभाग द्वारा प्रस्तुतीकरण किया गया।

**सहकारिता क्षेत्रकः–**

परियोजना निदेशक सहकारिता द्वारा राज्य समेकित सहकारी विकास परियोजना की उत्पति एवं वर्तमान में राज्य समकित सहकारी विकास परियोजनान्तर्गत सहकारिता क्षेत्रक द्वारा संचालित की जा रही गतिविधियों पर विस्तृत चर्चा की गयी, परियोजना निदेशक, सहकारिता द्वारा अवगत कराया गया कि परियोजनान्तर्गत प्राविधानित/स्वीकृत धनराशि मु0 3300.00 लाख रू0 में से मु0 3300.00 लाख रू0 का उपयोग निम्न गतिविधयों के संचालन/क्रियान्वयन हेतु किया गया–

1. हरा मक्का का उत्पादन कर सायलेज निर्माण एवं विपणन।
2. ढांचागत विकास।
3. डमस्क रोज वैली हेतु नर्सरी का निर्माण।
4. बहु0 किसान सेवा सहकारी समिति लि0 लालढांग (गैन्डरखत्ता संकुल) पैक्स सशक्तिकरण।
5. मशरूम उत्पादन एवं मौनपालन।
6. संयुक्त सहकारी कृषि गतिविधि।
7. मुर्गीपालन।
8. ई–मार्किटिंग प्लेटफार्म।
9. अदरक बीज उत्पादन।

वर्ष 2022–23 हेतु अंकन 8700.00 लाख रूपये की ऋण की राशि प्राप्त किये जाने हेतु निम्न प्रकार प्रस्ताव प्रेषित किया गया–

| S.N | Particulars | Total Project Size | 70% Loan | 20% Subsidy | 10% Contribution |
|---|---|---|---|---|---|
| **NCDC:21-3/2018-M/237/SA80148**<br>**1B-** Marketing Complex-DVB<br>1B- Marketing Complex-SLV<br>2B- Inputs Activities CCF-Foothills &Plains<br>2B- Inputs Activities CCF-Mid hills<br>2B- Inputs Activities CCF-High hills | | **6927.67** | **4849.37** | **1385.53** | **692.77** |
| **NCDC:27-1/2019-M/228/SA80138**<br>Construction of Godown/WH<br>Repair of Godown | | **440.00** | **308.00** | **88.00** | **44.00** |
| **NCDC:3-1/2019-C-C/234/SA80144**<br>CA Storage With refer truck- Uttarkashi &Nainital<br>CC- Vegetable collection center cum pack house-Mid Hills | | **400.00** | **280.00** | **80.00** | **40.00** |
| **NCDC:349-/2018-FG/238/SA80149**<br>**2 B- Inputs Activities CCF-Foot Hills & Plains**<br>**Value Addition** | | **1899.00** | **1329.30** | **279.80** | **189.90** |
| **Total** | | **9666.67** | **6766.67** | **1933.00** | **966.67** |

**सहकारिता क्षेत्रक हेतु मुख्य कार्यक्रम निदेशक/समिति द्वारा निम्न निर्देश दिये गये–**

परियोजनान्तर्गत उपलब्ध करायी गयी धनराशि से संयुक्त सहकारी खेती के अन्तर्गत रोजगार सृजन कार्य करते हुये उन्हीं मदों पर धनराशि की मांग की जाय जिनके अन्तर्गत धनराशि की वापसी शत प्रतिशत सम्भव हो।

**(कार्यवाही परियोजना निदेशक, सहकारिता)**

**डेरी क्षेत्रक**–परियोजना निदेशक, डेरी द्वारा अवगत कराया गया कि परियोजनान्तर्गत मु0 2200.00 लाख रू0 की धनराशि डेरी क्षेत्रक हेतु प्राविधानित/स्वीकृत की गयी जिसके सापेक्ष सम्पूर्ण धनराशि का उपयोग कर लिया गया है।

| **क्र0** | **मद** | **कुल व्यय धनराशि** |
|---|---|---|
| 1 | 03 व 05 दुधारू पशुओं की यूनिट स्थापना | 988.96 |
| 2 | सहकारी डेरी फार्म की स्थापना | 106.46 |
| 3 | कार्यशील पूँजी | 875.00 |
| 4 | ब्राडिंग एवं मार्केटिंग | 45.16 |
| 5 | मूल्यांकन, संचालन तथा प्रबन्धन | 107.94 |
| 6 | तकनीकी सेवाएं | 19.00 |
| 7 | क्षमता विकास | 57.48 |
| | **कुल योग** | **2200.00** |

परियोजना निदेशक, डेरी, राज्य समेकित सहकारी विकास परियोजना के अनुसार पशुपालक को मवेशी उपलब्ध कराने का अनुरोध करते हुए अंकन 1300.00 लाख रू की मांग वर्ष 2022–23 हेतु की गयी। डेरी क्षेत्रक हेतु मुख्य कार्यक्रम निदेशक/समिति द्वारा निम्न निर्देश दिये गये–

1. दुग्ध संघो को योजनान्तर्गत ससमय पर कार्यशील पूंजी उपलब्ध कराई गयी है, जिससे दुग्ध उत्पादकों के दुग्ध मूल्य के भुगतान में विलम्ब न हो।
2. व्यवसायिक डेरी फॉर्मिंग हेतु पशुपालक के 02 और 20 मवेशी उपलब्ध की इकाई स्थापना हेतु सक्षम दुग्ध समितियां/सदस्यों का चयन किया जाये जिससे परियोजना की ऋण धनराशि की वापसी समय पर की जा सकें।
3. दुग्ध सहकारी समितियों को धनराशि अवमुक्त कराने से पूर्व ऋण वापसी के सम्बन्ध में समस्त औपचारिकतायें पूर्ण कर ली जायें। (कार्यवाही परियोजना निदेशक, डेरी)

**भेड़–बकरी क्षेत्रक–**

परियोजना निदेशक, भेड़–बकरी, राज्य समेकित सहकारी विकास पिरयोजना द्वारा अवगत करया गया कि परियोजनान्तर्गत मु0 3000.00 लाख रू0 की धनराशि आवंटित की गई राज्य स्तर पर उत्तराखण्ड भेड़–बकरी शशक पालक को–ऑपरेटिव फेडरेशन लि0 के माध्यम से सहकारी समितियों के सदस्यों को याजनान्तर्गत नस्ल सुधार हेतु उच्च गुणवत्ता के नर एवं मादा भेड़ बकरियां तथा संतुलित पशु–पोषण आहार एवं पशुचिकित्सा संवाए उपलब्ध करायी जा रही हैं। उत्पन्न पशुओं को उत्तराखण्ड भेड़–बकरी शशक पालक

को–ऑपरेटिव फेडरेशन लि0 द्वारा क्रय किया जाएगा एवं भेड़ बकरी पालकों को सुनिश्चित मूल्य उपलब्ध कराया जा रहा है।

परियोजनान्तर्गत मु0 3000.00 लाख रू0 की धनराशि भेड़–बकरी क्षेत्रक हेतु प्राविधानित/स्वीकृत की गयी जिसके सापेक्ष सम्पूर्ण धनराशि का उपयोग कर लिया गया है।

| क्र0 | मद | कुल व्यय धनराशि |
|---|---|---|
| 1 | भेड़–बकरी पालन यूनिट | 2082.00 |
| 2 | ए0सी0बी0एफ0 | 700.00 |
| 3 | मटन ऑन व्हील | 100.00 |
| 4 | हिमालयन गोट मीट रिटेल आउटलेट | 112.00 |
| | **कुल** | **2994.00** |

परियोजना निदेशक, भेड़–बकरी, राज्य समेकित सहकारी विकास परियोजना के अनुसार परियोजना के क्रियान्वयन हेतु 1000.00 लाख रू की मांग वर्ष 2022–23 हेतु की गयी।

**मत्स्य क्षेत्रकः–**

परियोजना निदेशक मत्स्य द्वारा अवगत कराया गया कि परियोजनान्तर्गत अवमुक्त धनराशि 1500.00 लाख रू0 मात्र की गयी। जिसमें से मात्र 1076.00 लाख रू0 का ही उपयोग क्षेत्रक द्वारा किया गया है। वर्ष 2022–23 हेतु मत्स्य क्षेत्रक द्वारा परियोजनान्तर्गत धनराशि की मांग रू0 1946.98 लाख की गयी।

| क्र0 | मद | कुल व्यय धनराशि |
|---|---|---|
| 1 | ट्राउट फार्मिंग | 986.00 |
| 2 | ग्राम स्तरीय मछली तलाब का नवीनीकरण | 359.00 |
| 3 | प्रोसेसिंग यूनिट | 167.00 |
| 4 | रिटेल आउटलेट | 60.00 |
| 5 | परियोजना प्रबन्धन सलाहकार एवं वेतन | 200.00 |
| 6 | एफ0आई0यू0 | 135.00 |
| 7 | विपणन | 40.00 |
| | **कुल** | **1946.98** |

मत्स्य क्षेत्रक हेतु मुख्य कार्यक्रम निदेशक/समिति द्वारा निम्न निर्देश दिये गये–

1. परियोजनान्तर्गत चयनित गतिविधियों में तीव्रता लाने के निर्देश सचिव महोदय द्वारा दिये गए।
2. परियोजना द्वारा उपलब्ध कराये गयी धनराशि के उपयोग न होने के दृष्टिगत क्षेत्रक द्वारा वित्तीय वर्ष 2022–23 हेतु मांगी गई धनराशि हेतु निर्देशित किया गया कि पुनः इस सम्बन्ध में संशोधित वित्तीय मांग प्रस्तुत की जाये। (कार्यवाही उप–परियोजना निदेशक मत्स्य)

महोदय द्वारा संन्तोष व्यक्त करते हुए सभी क्षेत्रकों को निर्देशित किया कि परियोजना के ऋण आधारित होने के कारण विभिन्न केन्द्र एवं राज्य सरकार के विभागों से अभिकरण के माध्यम द्वारा प्रशिक्षण, क्षमता विकास, कृषि इन्पुट यन्त्र, ढांचागत विकास आदि हेतु संवाद स्थापित कर अभिकरण द्वारा परियोजना की लागत कम करने के प्रयास किये जाएं। साथ ही परियोजना निदेशकों को निर्देशित किया गया कि परियोजनान्तर्गत अवशेष धनराशि का उपयोग स्वीकृत मदान्तर्गत शीघ्र कर लें। सभी प्रतिभागियों का धन्यवाद ज्ञापित करते हुए बैठक का समापन किया गया।

**(डॉ0 बी0वी0आर0सी0 पुरूषोत्तम)**
सचिव सहकारिता/मुख्य कार्यक्रम निदेशक
राज्य समेकित सहकारी विकास परियोजना उत्तराखण्ड।

पत्रांक– 185-89 /रा0स0स0वि0परि0/बैठक/एस0एस0पी0सी0–1/2022–23/ दिनांक, 13 जुलाई, 2022

**प्रतिलिपि– निम्नलिखित को सूचनार्थ एवं आवश्यक कार्यवाही हेतु प्रेषित।**

1. समस्त परियोजना निदेशक, राज्य समेकित सहकारी विकास परियोजना।
2. समस्त सदस्य राज्य स्तरीय नियोजन समिति (एस0एल0पी0सी0)।
3. अपर मुख्य कार्यक्रम निदेशक, राज्य समेकित सहकारी विकास परियोजना उत्तराखण्ड।
4. मुख्य कार्यक्रम निदेशक, राज्य समेकित सहकारी विकास परियोजना उत्तराखण्ड।
5. निजी सचिव, सचिव, सहकारिता विभाग, उत्तराखण्ड शासन को सचिव महोदय के संज्ञानार्थ।

09/07/22
**(आनन्द ए0डी0 शुक्ल)**
नोडल अधिकारी/परियोजना निदेशक
राज्य समेकित सहकारी विकास परियोजना, उत्तराखण्ड।